universities of Kerala. They have Teceiv* ed awards in various university and other competitions and festivals. Accordingly, it was decided to clear them as individual performers in the Festival of India In U.S.S.R.

Rock Garden by Shri Nek Chand at Festival of India, USSR

2799. SHRl K. VASUDEVA PANICKER: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Shri Nek Chand, the rock garden specialist was invited to visit the Soviet Union to lay a rock garden as a part of Festival of lndia being held there;

(b) whether he was not taken there at the last minute; and

(c) if so, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) Shri Nek Chand was deputed to Soviet Union in May, 1986 along with other experts to exchange views with the Soviet government, on various events to be plan-. ned during the Festival of lndia in the USSR.

(b) and (c) Do not arise.

दिल्ली में मलेरिया के संकट पर नियंत्रण

2800. **श्रीमती रेणुका चौधरी :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के कतिपय क्षेत्रों में मलेरिया के मच्छरों को नियंत्रित करने के लिये आई.सी.एम. आर. परियोजना के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार, इस योजना के अन्तर्गत व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार का ध्यान नई दिल्ली के उप स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दिये गये इस आशय के वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि इस परियोजना के अन्तर्गत व्यय की जाने वाली राशि मात्र बर्बादी है ; और

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) भारतीय आयु-विज्ञान अनुसंधान परिषद के मलेरिया अनुसंधान केन्द्र ने 1987 में राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम निदेशालय और दिल्ली नगर निगम के सहयोग से एकीकृत मलेरिया वेक्टर नियंत्रण संबंधी विज्ञान और प्रौद्योगिकी परियोजना के एक अंग के रूप में दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के जमुना पार के एक क्षेत्र में और साउथ दिल्ली के एक क्षेत्र में मलेरिया और मच्छर पैदा करने वाली स्थितियों की रोकथाम करने के लिये एक परियोजना शुरू की है ।

(ख) इस परियोजना पर खर्च की गई राशि का ब्यौरा इस प्रकार है :-

1986-87	26,271.00 रुपये
1987-88	58,161.00 रुपये
	(जून, 1987 तक)

(ग) जी हां, सरकार ने समाचार पत्र की रिपोर्ट को देखा है ।

(घ) यह परियोजना दिल्ली नगर निगम के निकट सहयोग और सक्रिय योगदान से चलाई जा रही है ।